# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–25 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की एक सौ एकवीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। पैंसठ एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किये गये इस स्थल परिसर में उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की कांस्य प्रतिमाओं का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री के साथ पंडित मदन मोहन मालवीय को याद किया। उन्होंने कहा कि–

***25 दिसंबर का यह दिन देश की दो महान विभूतियों के जन्म का अद्भुत संयोग लेकर के आता है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेजी जी, भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय जी, इन दोनो महापुरूषों ने भारत की अस्मिता, एकता और गौरव की रचना भी और राष्ट्र निर्माण में अपनी अमिट छाप छोड़े।***

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के महत्व की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह स्थल देशवासियों के लिये नई प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

**राष्ट्र प्रेरणा स्थल हमें संदेश देता है कि हमारा हर कदम, हर पग, हर प्रयास राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है। सबका प्रयास ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगा।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल जी की जयंती का यह दिन सुशासन का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि लम्बे समय तक देश में गरीबी हटाओ का नारा दिया गया था, लेकिन अटल जी ने सही अर्थों में सुशासन को जमीन पर उतारने का काम किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

**********

उधर, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रदेश के सभी जिलों में विविध आयोजन किये जा रहे हैं। वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने गंगा निर्मलीकरण के संकल्प को साकार करने की शपथ ली। जौनपुर में अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। आजमगढ़ में अटल जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। गोरखपुर और में भाजपा के पार्टी कार्यालय पर अटल जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

**********

प्रदेश आज भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की एक सौ चौंसठवीं जयंती मना रहा है। लोग मालवीय जी की प्रतिमा और चित्रों पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में इस अवसर पर पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महामना की स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**********

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के लिए डेटा–आधारित नड्ज अभियान शुरू किया है। इसके माध्यम से अनावश्यक कटौती और छूट के दावों की स्वैच्छिक समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत चिन्हित करदाताओं से एसएमएस और ईमेल के माध्यम से ऐसी त्रुटियों को सुधारने का अनुरोध किया जा रहा है। संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि इकतीस दिसंबर है।

**********

नये वर्ष पर काशी विश्वनाथ धाम में होने वाली अप्रत्याशित भीड़ के मद्देनजर मंदिर प्रशासन ने आज ही से स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया है कि आम श्रद्धालुओं को बाबा विश्वनाथ का समुचित दर्शन प्राप्त हो सके और मंदिर की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे, इसे देखते हुए स्पर्श दर्शन पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है।

**********

प्रदेश भर में आज क्रिसमस का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ धूम–धाम से मनाया जा रहा है। ईसाई समाज के लोग प्रभु ईसा मसीह के जन्म दिन पर उन्हें याद कर रहे है और एक दूसरे को पर्व की बधाई दे रहे है। इस अवसर पर सभी गिरजा घरों को आकर्षक ढंग से सजाया सवांरा गया है। लोग आसपास के गिरजा घरों में जा कर प्रभु यीशू के प्रति श्रद्धा निवेदित कर रहे हैं। कई स्थानों पर पर्व को लेकर क्रिसमस मेले का आयोजन भी किया गया है। विभिन्न स्थानों पर कैरोल गायन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गये है।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जिलों में घने कोहरे के चलते जन–जीवन प्रभावित हो गया है। इसका असर रेल और हवाई यातायात पर भी पड़ रहा है। ट्रेनें विलम्ब से चल रही हैं और हवाई यात्रा प्रभावित हो गयी हैं। ठंड को देखते हुए कई जिलों में जिला प्रशासन ने शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का निर्देश जारी किया है। कुछ जिलों में स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में अगले तीन दिनों के लिये अत्यंत घने कोहरे और शीत लहर का आरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********